हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

20 दिसंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन,राज्य में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया सहित विभिन्न मंत्रियों और विधायकों ने उनके निधन को देश और प्रदेश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के 61 वें स्थापना दिवस पर कहा कि बल ने अपने बलिदान और वीरता से राष्ट्रीय सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

- देश भर में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा में तपेदिक जांच का दायरा बढ़ाया गया।

***************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है. उन्होंने, 89 वर्ष की आयु में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम

सांस ली। सांस में दिक्कत के चलते उन्हें सुबह 11.30 बजे अस्पताल लाया गया। ओम प्रकाश चौटाला सात बार विधायक और पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। वह 1989 में पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे।

*******************************************************

हरियाणा सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर प्रदेश में 22 दिसम्बर तक 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।इस दौरान कोई सांस्कृतिक और मनोरंजन से संबंधित कार्यक्रम नहीं होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री का अंतिम सरकार 21 दिसंबर को राजकीय सम्मान के साथ होगा। प्रदेश में 21 दिसंबर को छुट्टी रहेगी।

*******************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि वे कई वर्षों से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहे। प्रधानमंत्री ने शोक संतप्त परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

*******************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन देश व हरियाणा की राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री राम जी से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

*****************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक अनुभवी राजनीतिज्ञ और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपना जीवन हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा के विकास में ओम प्रकाश चौटाला जी के योगदान विशेषकर किसानों के कल्याण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। उनका निधन राज्य के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

*****************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक, गुलाब चंद कटारिया ने भी ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।अपने शोक संदेश में श्री कटारिया ने कहा कि उनका निधन न केवल हरियाणा प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वह एक प्रभावशाली नेता थे, जिन्होंने किसानों, शिक्षा और ग्रामीण विकास के लिए कार्य किया।

*****************************************************

हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भी पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के के निधन पर शोक व्यक्त किया है।मंत्री ने कहा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओम प्रकाश चौटाला जमीन से जुड़े हुए नेता थे, जिनका योगदान सदा याद रखा जाएगा।

आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्र प्रकाश ने भी चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

बल्लभगढ़ से बी जे पी विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के देहांत पर दुख जताया है ।

*****************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल , हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री विज ने पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन को दुखदाई बताया और कहा कि स्वर्गीय चौटाला बहुत अच्छे प्रशासक थे। उनकी स्मरण शक्ति बहुत अच्छी थी। खेल मंत्री गौरव गौतम ने भी चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

*****************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के 61 वें स्थापना दिवस पर बल के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि एस.एस.बी ने अपने बलिदान और वीरता से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सेवा को सर्वोपरि बनाया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री आज सिलीगुड़ी के रानी डांगा में सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हुए1।

कार्यक्रम में एस एस बी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद भी मौजूद रहे ।इस दौरान गृह मंत्री ने बल के जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया

*****************************************************

देश भर में चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा में टी बी के ज्यादा मरीज सामने आ रहे हैं। प्रदेश में 18 दिसंबर तक तपेदिक के 83000 से अधिक मरीज मिले हैं । जिस का कारण जांच में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार है। हरियाणा के टी बी के नोडल अधिकारी डॉ हितेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में टी बी के ज्यादा मरीज सामने या रहे हैं ।

यह विशेष अभियान हरियाणा के 14 जिलों पर केंद्रित है। हरियाणा में मार्च तक 1800 गांवों को टी बी मुक्त करने का लक्ष्य है।